भारत सरकार

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय

पशुपालन और डेयरी विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या - 2772

दिनांक 12 अगस्त, 2026 के लिए उत्तर

पशुधन रोगों की निगरानी

2772. श्री के. आर. एन. राजेश कुमारः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पशुधन रोगों हेतु निगरानी को सुदृढ़ किया है;

(ख) इस संबंध में क्या उपाय किए गए हैं; और

(ग) इसकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)

(क), (ख) और (ग) भारत सरकार (GoI) ने निम्नलिखित उपायों को अपनाकर पशु रोगों की निगरानी को सुदृढ़ किया है:

i. रोग निगरानी और अन्य कार्यकलापों को सुदृढ़ करने के लिए केंद्रीय रोग निदान प्रयोगशाला (CDDL), भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (IVRI), बरेली, राज्यों की पांच क्षेत्रीय रोग निदान प्रयोगशालाओं (RDDL) को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

ii. पशु रोग निगरानी और अन्य संबंधित कार्यकलापों के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) संस्थानों, नामतः राष्ट्रीय खुरपका और मुंहपका रोग संस्थान (NIFMD), भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (IVRI) बेंगलुरू, IVRI बरेली और राष्ट्रीय पशु रोग चिकित्सा जानपदिक एवं सूचना विज्ञान संस्थान (NIVEDI) बेंगलुरु को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

iii. ICAR -राष्ट्रीय उच्च सुरक्षा पशु रोग संस्थान (NIHSAD), भोपाल प्रयोगशाला आधारित निगरानी के माध्यम से उभरते और विदेशी सीमा-पारीय पशु रोगों की निगरानी करता है।

iv अच्छी पशुपालन पद्धतियों, जैव सुरक्षा/स्वच्छता उपायों, पशु रोगों के लिए टीकाकरण, रोग निगरानी और मॉनीटरिंग और क्षमता निर्माण संबंधी प्रशिक्षण और जागरूकता के लिए राज्यों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई।

v प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए, ICAR-NIVEDI ने राष्ट्रीय पशु रोग रेफरल विशेषज्ञ प्रणाली (NADRES) 2.0 विकसित की है जो लगभग दो महीने पहले संभावित पशु रोग जोखिमों का जिला-स्तरीय पूर्वानुमान प्रदान करती है।

vi. पशुधन रोगों की निगरानी सहित विभिन्न कार्यकलापों के लिए भारत पशुधन पोर्टल विकसित किया गया है।

vii ICAR ने राष्ट्रीय पशु रोग महामारी विज्ञान नेटवर्क (NADEN) के माध्यम से पशुधन रोगों संबंधी निगरानी को सुदृढ़ किया है।

***